प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 बुधवार** **दिनांक 12.11.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**आज के मुख्य समाचारः–**

1– अहमदाबाद में आयोजित 'उद्योग संगम' में छत्तीसगढ़ को बिज़नेस रिफॉर्म एक्शन प्लान की चारों प्रमुख श्रेणियों में 'टॉप अचीवर' घोषित किया गया।

2– कलिंगा विश्वविद्यालय के पांचवें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल रमेन डेका ने विद्यार्थियों को उपाधि और पदक प्रदान किए।

3– केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय जल पुरस्कारों की घोषणा की–छत्तीसगढ़ को तीन श्रेणियों में विजेता घोषित किया गया।

4– उत्तर से आ रही ठंडी और शुष्क हवाओं के असर से सरगुजा, राजनांदगांव और दुर्ग जिले में शीतलहर की स्थिति।

**अब समाचार विस्तार से .....**
**उद्योग संगम**

केन्द्र सरकार के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग द्वारा आयोजित 'उद्योग संगम' में राज्य को बिज़नेस रिफॉर्म एक्शन प्लान की चारों प्रमुख श्रेणियों में 'टॉप अचीवर' घोषित किया गया है। गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम में केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने छत्तीसगढ़ के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन और निवेश आयुक्त ऋतु सेन को सम्मानित किया। इस उपलब्धि के साथ ही छत्तीसगढ़ अब गुजरात, महाराष्ट्र और तमिलनाडु जैसे औद्योगिक राज्यों की श्रेणी में आ गया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ की इस उपलब्धि पर खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ ने निचले पायदान से उठकर देश के अग्रणी औद्योगिक राज्यों की पंक्ति में स्थान प्राप्त किया है। छत्तीसगढ़ अब इज ऑफ डूइंग बिज़नेस से आगे बढ़कर इज ऑफ लिविंग का भी प्रतीक बन चुका है।

**एसआईआर–गणना प्रपत्र**

प्रदेश में इन दिनों मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर का कार्य जारी है। बूथ लेवल अधिकारी–बीएलओ द्वारा अब तक प्रदेश के एक करोड़ तेरह लाख से अधिक मतदाताओं को गणना प्रपत्र बांटे जा चुके हैं। मतदाता स्वयं भी **''वोटर्स डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट इन''** के माध्यम से अपना गणना प्रपत्र ऑनलाइन भर सकते हैं। साथ ही हेल्पलाइन नंबर – **एक नौ पांच शून्य** (1950) पर फोन कर मतदाता किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता प्राप्त कर सकते हैं। **''ईसीआईएनईटी''** मोबाइल ऐप के माध्यम से भी **''बुक ए कॉल विथ बीएलओ''** सुविधा उपलब्ध है, जिसके जरिए मतदाता अपने बूथ लेवल अधिकारी से सीधे संपर्क कर सकते हैं। गणना प्रपत्र भरने में सहायता के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र स्तर पर जिला प्रशासन द्वारा वॉलिंटियर्स की नियुक्ति की गई है। साथ ही सभी राजनीतिक दलों द्वारा बूथ लेवल एजेंट की भी नियुक्ति की गई है, जो मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरने में मदद कर रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा है कि बीएलओ घर–घर जाकर गणना प्रपत्रों के वितरण का काम गंभीरता से कर रहे हैं।

## कलिंगा विवि–दीक्षांत समारोह

नवा रायपुर स्थित कलिंगा विश्वविद्यालय में आज पांचवें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में राज्यपाल रमेन डेका ने वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस और पच्चीस के विद्यार्थियों को उपाधि तथा पदक प्रदान किए। इस अवसर पर डेढ़ सौ शोधार्थियों को पी.एच.डी, पंद्रह सौ विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर और ढाई हजार विद्यार्थियों को स्नातक की उपाधि प्रदान की गई।

इस अवसर पर राज्यपाल ने विश्वविद्यालय परिसर में ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत पौधारोपण भी किया।

## जल शक्ति पुरस्कार

केन्द्र सरकार के जलशक्ति मंत्रालय ने छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। छत्तीसगढ़ को तीन राष्ट्रीय जल पुरस्कारों के लिए विभिन्न श्रेणियों में विजेता घोषित किया गया है। प्रदेश के राजनांदगांव जिले को पूर्वी जोन में सर्वश्रेष्ठ जिला, कांकेर जिले की डूमरपानी ग्राम पंचायत को श्रेष्ठ ग्राम पंचायत श्रेणी में तीसरा स्थान तथा रायपुर के कृ ष्णा पब्लिक स्कूल को सर्वश्रेष्ठ स्कूल श्रेणी में सम्मानित किया जाएगा।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली के विज्ञान भवन में अट्ठारह नवंबर को आयोजित समारोह में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करेंगी।

## राष्ट्रीय राजमार्ग–मरम्मत कार्य

लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉक्टर कमलप्रीत सिंह ने आज प्रदेशभर में जारी राष्ट्रीय राजमार्गों की मरम्मत के कार्यों की समीक्षा की। डॉक्टर सिंह ने राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र के अधिकारियों की बैठक लेकर सभी सड़कों की मरम्मत का काम दिसंबर तक पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्गों की मरम्मत के दौरान ठेकेदारों से अल्पकालिक रखरखाव अनुबंध–एसटीएमसी के सभी कम्पोनेन्ट्स के काम कराने को कहा।

## यूनिटी मार्च

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की एक सौ पचासवीं जयंती के उपलक्ष्य में आज दुर्ग, राजनांदगांव, बेमेतरा और अंबिकापुर में "यूनिटी मार्च" का आयोजन किया गया। दुर्ग में आज दस किलोमीटर की एकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें सांसद विजय बघेल शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस रैली के माध्यम से लोगों को एकता का संदेश दिया गया।

## पुलिस हिरासत–मौत

बलरामपुर जिले में चोरी के आरोप में गिरफ्तार युवक की पुलिस हिरासत में मौत के बाद परिजनों ने नाराजगी जताई है। वहीं, पुलिस का कहना है कि युवक की मौत इलाज के दौरान हुई है। इस बारे में और ब्यौरा दे रहे हैं, हमारे बलरामपुर संवाददाता –

गौरतलब है कि बीते तीस अक्टूबर को बलरामपुर स्थित एक ज्वेलर्स में जेवर और नकदी की चोरी हुई थी। पुलिस ने मामले में पांच आरोपियों और चोरी के माल की खरीदी के आरोप में चार अन्य लोगों को गिरफ्तार किया था।

अभी–अभी खबर मिली है कि इस मामले में बलरामपुर के पुलिस अधीक्षक ने एक निरीक्षक सहित चार पुलिसकर्मियों को लाईन अटैच कर दिया है।

**साइबर ठगी–आरोपी गिरफ्तार**

दंतेवाडा पुलिस ने साइबर ठगी के मामले में मध्यप्रदेश से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया साइट्स पर विज्ञापन प्रसारित कर लोगों को ज्यादा मुनाफे का लालच देकर ठगी किया करते थे। पुलिस सौ से ज्यादा खातों में की गई लेनदेन की जांच कर आरोपियों तक पहुंची और उन्हें गिरफ्तार किया।

दंतेवाड़ा पुलिस ने लोगों से साइबर ठगी से बचने की अपील की है। साथ ही किसी प्रकार की ठगी होने पर साइबर हेल्पलाईन नंबर – **एक नौ तीन शून्य** पर सूचित करने को कहा है।

**भिलाई आईआईटी–छात्र मौत**

भिलाई स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान–आईआईटी में कल सुबह एक छात्र की तबीयत बिगड़ने के बाद उसे सुपेला स्थित एक अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। छात्र की मौत के बाद आईआईटी कैंपस में विद्यार्थियों ने सुरक्षा व्यवस्था में खामियों को लेकर हंगामा किया। इस मामले में आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर राजीव प्रकाश ने चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अतुल श्रीवास्तव को लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया है। मृतक छात्र मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम का रहने वाला था और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक प्रथम सेमेस्टर की पढ़ाई कर रहा था।

**बस्तर ओलंपिक–जिला स्तरीय**

बस्तर ओलंपिक के तहत कोंडागांव जिले में आज से जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं शुरू हो गई हैं। चार दिवसीय जिला स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक लता उसेंडी ने किया। इस वर्ष कोंडागांव जिले से लगभग साठ हजार खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन कराया है। पंद्रह नवंबर तक चलने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता में तीरंदाजी, एथलेटिक्स, कराते, वेटलिफ्टिंग, खो–खो, रस्साकशी, व्हॉलीबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन और फुटबॉल जैसे खेलों का आयोजन किया जाएगा।

**मुक्तिबोध राष्ट्रीय नाट्य समारोह**

छत्तीसगढ़ फिल्म एंड विजुअल आर्ट सोसायटी द्वारा आज से रायपुर के रंग मंदिर में मुक्तिबोध राष्ट्रीय नाट्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। पांच दिवसीय इस समारोह के पहले दिन आज शाम सात बजे रचना मिश्रा द्वारा निर्देशित नाटक – ''वापसी'' तथा प्रिया माथुर ठाकुर द्वारा निर्देशित नाटक – ''आपस की बात'' का प्रदर्शन किया जाएगा।

**मौसम**

**और अब पेश है मौसम का हाल–**

प्रदेश में उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन लगातार जारी है। इसके असर से सरगुजा संभाग और उससे लगे जिलों के साथ ही राजनांदगांव और दुर्ग जिले के कुछ क्षेत्रों में शीतलहर की स्थिति बनी हुई है। मौसम विज्ञानी डॉक्टर गायत्री वाणी ने बताया कि अगले चार–पांच दिनों तक प्रदेश के मौसम में कोई बदलाव नहीं होगा।

मौसम विभाग ने सत्रह नवंबर से मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ में ठंड से कुछ राहत मिलने की संभावना जताई है।

## संक्षिप्त समाचार

## और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के रायपुर स्थित निवास में कल तेरह नवंबर को जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन दोपहर बारह बजे से तीन बजे तक किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री, लोगों से सीधे संवाद करेंगे और उनकी समस्याओं का निराकरण करेंगे।

– आज लोक सेवा प्रसारण दिवस है। यह दिवस हर वर्ष बारह नवंबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आकाशवाणी से दिए गए ऐतिहासिक संबोधन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

– रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में कल प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इसका शुभारंभ राज्यपाल रमेन डेका करेंगे। समारोह की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे।

– छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड–सीजीएमएससी ने तीन दवाओं के अमानक पाए पर दवा कंपनियों को आगामी तीन वर्षों के लिए ब्लैकलिस्ट कर दिया है। कॉर्पोरेशन के अनुसार संबंधित आपूर्तिकर्ता अब ब्लैक लिस्टिंग अवधि समाप्त होने तक किसी भी नई निविदा में भाग लेने के लिए अयोग्य रहेंगे।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>